[Reg. No. 141/98-99] Tel. 9798242235

(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध)

# लोक शिक्षा समिति, बिहार

एम्बैसडर पैलेस, कलमबाग चौक, मुजफ्फरपुर-842002

E-mail– lokshiksha@gmail.com website– lokshikshasamiti.org

प्रांतीय पत्रक-08/5124 2079 विक्रमी दिनांक-30.11.2022

मान्यवर/मान्या,

सादर वन्दे!

तमसो मा ज्योतिर्गमय!

हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। दीपावली एवं सूर्यषष्ठी महाव्रत जैसे उत्सवों के पश्चात् नवीन ऊर्जा से ऊर्जान्वित होते हुए, कर्मपथ पर कार्य की सफलता का श्रेय एवं आपकी श्रमशीलता विजयपथ की ओर अग्रसर है। इस निमित्त कुछ करणीय कार्य आपके लिए प्रेषित है।

## विषयानुक्रम

### संपन्न कार्यक्रम

1. स्वदेशी सप्ताह
2. अखिल भारतीय संस्कृत प्रशिक्षक प्रशिक्षण वर्ग
3. प्रांतीय खेलकूद समारोह (एथलेटिक्स)
4. क्षेत्रीय खेलकूद समारोह (एथलेटिक्स)
5. क्षेत्रीय अंग्रेजी विषयक कार्यशाला
6. प्रांतीय गणित–विज्ञान मेला
7. क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव
8. क्षेत्रीय गणित–विज्ञान मेला
9. प्रांतीय संगणक एवं ई–पाठशाला प्रशिक्षण
10. प्रांतीय घोष प्रशिक्षण वर्ग
11. NEP कार्यशाला

### आगामी कार्यक्रम

1. परीक्षा विभाग टोली गठन
2. संस्कृति ज्ञान परीक्षा
3. रामानुजन जयंती
4. NEP कार्यशाला
5. प्रांतीय प्रचार विभाग कार्यशाला
6. स्वामी विवेकानन्द जयंती

### अन्यान्य

1. उपादान (ग्रेच्यूटी)
2. कर्मचारी भविष्य निधि
3. आचार्य कल्याण कोष
4. साप्ताहिक मूल्यांकन
5. विद्या भारती संघ परिचय
6. पूर्व छात्र पोर्टल
7. मासिक तलपट
8. 'अरुणोदय' सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता (मुख्य परीक्षा)
9. अरुणोदय पत्रिका

## संपन्न कार्यक्रम

1. **स्वदेशी सप्ताह :** 25 सितंबर से 02 अक्टूबर, 2022 तक स्वदेशी सप्ताह का आयोजन विद्यालय स्तर पर किया गया। जिसमें स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग, महत्त्व एवं सूची वितरण की गई।

2. **अखिल भारतीय संस्कृत प्रशिक्षक प्रशिक्षण :** 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर, 2022 तक अखिल भारतीय संस्कृत प्रशिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन श्री सत्य सनातन सरस्वती विद्या मंदिर, पंजाबी बाग, दिल्ली में ONGC संस्कृत संवर्धन संस्थान के तत्वधान में आयोजित किया गया, जिसमें अखिल भारतीय स्तर पर 129 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार संस्कृत शिक्षा के प्रचार प्रसार एवं संवर्धन के लिए संस्कृत संभाषण को तकनीकि रूप से सशक्त बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। जिसे विद्यालय स्तर तक लागू किया जाएगा।
3. **प्रांतीय खेलकूद समारोह (एथलेटिक्स) :** प्रांतीय खेलकूद समारोह (एथलेटिक्स) का आयोजन दिनांक–10 से 12 अक्टूबर, 2022 तक सरस्वती विद्या मंदिर, किशनगंज में आयोजित किया गया। संख्यात्मक वृत निम्न प्रकार है– भैया–232, बहन–103 योग–335, संरक्षक–37 निर्णायक–42, पूर्णकालिक–8, प्रांतीय अधिकारी–4, क्षेत्रीय अधिकारी–02, व्यवस्था+सेवक–62, कुल योग–490 की सहभागिता रही।
4. **क्षेत्रीय खेलकूद समारोह (एथलेटिक्स) :** क्षेत्रीय खेलकूद समारोह (एथलेटिक्स) का आयोजन दिनांक–12 से 14 अक्टूबर, 2022 तक सरस्वती विद्या मंदिर, किशनगंज में आयोजित किया गया। जिसमें संख्यात्मक वृत निम्न प्रकार है– भैया–174, बहन–123, योग–297, संरक्षक–36, क्षेत्रीय अधिकारी–2, प्रांतीय अधिकारी–6, पूर्णकालिक–4, व्यवस्था में–62, कुल योग–439 संरक्षक आचार्य–40 की सहभागिता रही।
5. **क्षेत्रीय अंग्रेजी विषयक कार्यशाला :** +2 स्तरीय आचार्यों का क्षेत्रीय अंग्रेजी विषयक कार्यशाला दिनांक–23 से 25 सितंबर, 2022 तक महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर, सिवान में आयोजित किया गया। लोक शिक्षा समिति, बिहार से 07 प्रतिभागी भाग लिए। इस प्रशिक्षण में अंग्रेजी विषय की सूक्ष्मताओं पर प्रशिक्षण दिया गया जिससे आचार्य, भैया–बहनों को कुशलतापूर्वक अंग्रेजी विषय का प्रतिपादन करा सकें। इस प्रशिक्षण वर्ग में सिवान जिले के महाविद्यालयों के प्रशिक्षकों द्वारा भी प्रशिक्षण दिया गया।
6. **प्रांतीय गणित–विज्ञान मेला :** प्रांतीय गणित–विज्ञान मेला दिनांक–16 से 18 अक्टूबर, 2022 तक सरस्वती विद्या मंदिर, विजयहाता, सिवान में सम्पन्न हुआ। इस मेला में सभी विभागों से विभाग स्तर पर चयनित भैया–बहनों द्वारा विज्ञान, वैदिक गणित एवं संगणक के उत्कृष्ठ प्रदर्श प्रस्तुत किए गए। संख्यात्मक विवरण इस प्रकार है– 437–भैया, 176–बहन तथा 52–पुरुष आचार्य 21–महिला आचार्य, कुल–686 की सहभागिता रही।
7. **क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव :** क्षेत्रीय संस्कृति महोत्सव दिनांक–15 से 16 अक्टूबर, 2022 तक सरस्वती विद्या मंदिर, मधुपुर, झारखंड, में क्षेत्रीय संस्कृत एवं संस्कृति ज्ञान प्रश्नमंच सम्पन्न हुआ।

इस महोत्सव में लोक शिक्षा समिति, बिहार से प्रांत स्तर पर चयनित– प्रश्नमंच में–42, कथा–कथन में–03, त्वरित भाषण में–3, आचार्य पत्रवाचन में–1 कुल 49 भैया–बहनों की सम्मिलिति हुई। क्षेत्र स्तर पर चयनित भैया–बहन अखिल भारतीय स्तर पर प्रयागराज में आयोजित अखिल भारतीय संस्कृति महोत्सव में भाग लेंगे।

8. **क्षेत्रीय गणित–विज्ञान मेला :** दिनांक–19 से 21 अक्टूबर, 2022 तक सरस्वती विद्या मंदिर, सूर्य मंदिर पथ, औरंगाबाद में संपन्न हुआ इस प्रतियोगिता में लोक शिक्षा समिति, बिहार से निम्न प्रतिभागी सम्मिलित हुए। संगणक में–24, विज्ञान में–102, वैदिक गणित में–84 भैया–बहनों की सहभागिता रही।

9. **प्रांतीय संगणक सह ई–पाठशाला प्रशिक्षण :** दिनांक–05 से 10 नवंबर, 2022 तक आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, विष्णुपुर, बघनगरी, मुजफ्फरपुर में सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण वर्ग में ई–पाठशाला में–35, संगणक में–41 की उपस्थिति रही। कुल 9 प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण का कार्य किया गया।

10. **प्रांतीय घोष प्रशिक्षण वर्ग :** यह प्रशिक्षण वर्ग दिनांक–18 से 22 नवंबर, 2022 तक आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय विष्णुपुर, बघनगरी मुजफ्फरपुर में संपन्न हुई। इस प्रशिक्षण वर्ग में घोष के आचार्य–45, शिक्षक–03 तथा व्यवस्थापक–01, कुल–49 की सहभागिता रही।

11. **NEP कार्यशाला :** माह नवंबर में संकुल एवं विभाग स्तर पर 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति' कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें–

    1. चंपारण विभाग की कार्यशाला दिनांक–26 एवं 27, नवंबर, 2022 को संपन्न हुई, जिसमें 12 –प्रशिक्षक, 103–प्रशिक्षणार्थी, 11–प्रधानाचार्य एवं 12–आचार्य, कुल–138 की सहभागिता रही।
    2. सीतामढ़ी विभाग की कार्यशाला दिनांक–26 एवं 27 नवम्बर, 2022 को संपन्न हुई, जिसमें 234 प्रतिभागी तथा 22 विद्यालयों की सहभागिता रही।
    3. दरभंगा विभाग की कार्यशाला दिनांक–19 एवं 20 नवम्बर, 2022 को संपन्न हुई, जिसमें 87 प्रतिभागी तथा 15 विद्यालयों की सहभागिता रही।
    4. पूर्णिया विभाग की कार्यशाला पूर्व में दिनांक–07 एवं 08 अगस्त, 2022 को संपन्न हुई, जिसमें 102–प्रतिभागी, 05–प्रशिक्षक तथा 27 विद्यालयों की सहभागिता रही। फारबिसगंज में दिनांक–27 एवं 28 नवम्बर, 2022 को भी सम्पन्न हुई, जिसमें 105 प्रतिभागी तथा 13 विद्यालयों की सहभागिता रही।
    5. मुजफ्फरपुर विभाग की कार्यशाला दिनांक– 04 से 06 अक्टूबर, 2022 को संपन्न हुई, जिसमें 86 प्रतिभागी, 07 प्रशिक्षक तथा 18 विद्यालयों की सहभागिता रही।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 आगामी सत्र से कक्षा–कक्ष में लागू किया जाए।**

# आगामी कार्यक्रम

**1. परीक्षा विभाग टोली गठन :** दिनांक–29 नवंबर, 2022 को परीक्षा विभाग हेतु टोली का गठन किया गया। जिसमें वार्षिक परीक्षा–2022–23 के प्रश्न–पत्रों का निर्माण –परीक्षा विभाग टोली' की देख–रेख में होगी। टोली रचना निम्न प्रकार से है–

| स्तर | प्रमुख प्रधानाचार्य | मार्गदर्शक |
|---|---|---|
| 1. शिशु वाटिका (अरुण एवं उदय) | श्री रवीन्द्र पाण्डेय प्रधानाचार्य, स.शि.मं.पूर्णिया | श्री रमेश चन्द्र शुक्ल जिला निरीक्षक |
| 2. शिशु मंदिर (प्रथम से पंचम) | श्री अवधेश कुमार श्रीवास्तव प्रभारी प्रधानाचार्य, स.शि.मं.बेतिया | श्री ललित कुमार राय विभाग निरीक्षक **प्रमुख** |
| | | श्री कृष्ण कुमार प्रसाद जिला निरीक्षक **सह प्रमुख** |
| 3. विद्या मंदिर (षष्ठ से अष्टम) | श्री राजेश कुमार तिवारी, प्रधानाचार्य कोट बाजार, सीतामढ़ी | श्री राजेश कुमार रंजन विभाग निरीक्षक |
| 4. माध्यमिक (नवम एवं दशम) | श्री अनोज कुमार अकेला प्रधानाचार्य, स.वि.मं.सीतामढ़ी | श्री धरणीकांत पाण्डेय जिला निरीक्षक |
| 5. वरिष्ठ माध्यमिक (एकादश एवं द्वादश) | श्री शंभू शरण तिवारी, प्रधानाचार्य म.स.वि.मं.विजयहाता, सीवान | श्री मिथिलेश कुमार सिंह पूर्णकालिक **प्रमुख** |
| | | श्री अनिल कुमार राम जिला निरीक्षक **सह प्रमुख** |

**2. रामानुजन जयंती :** दिनांक 22 दिसंबर, 2022 को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जी का जन्म दिन है। इस अवसर पर हम अपने–अपने विद्यालयों में इनकी जयंती मनाते हैं। इस दिन गणित मेला, चित्र लगाना तथा भाषण आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन विद्यालय स्तर पर करना है।

**3. संस्कृति ज्ञान परीक्षा :** संस्कृति ज्ञान परीक्षा का शुल्क जिन्होंने अभी तक नहीं भेजा है, वे दिनांक 15 दिसंबर, 2022 के पूर्व कुरुक्षेत्र कार्यालय प्रेषित कर दें। इस तिथि के पश्चात् भेजने पर शुल्क की पावती अगले सत्र 2023–24 के लिए काट दी जाएगी। ऐसी कुरुक्षेत्र कार्यालय से सूचना है।

**4. NEP कार्यशाला :** जिन संकुल एवं विभागों में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति' कार्यशाला नहीं हुई है उस विभागों की कार्यशाला होनी है–

1. कोशी विभाग की कार्यशाला दिनांक–18 दिसंबर एवं 27 दिसंबर, 2022
2. सीवान विभाग की कार्यशाला सह आचार्य दक्षता वर्ग दिनांक–24 से 26 दिसंबर
3. बेगूसराय विभाग की कार्यशाला दिनांक–24 एवं 25 दिसंबर, 2022

**5. प्रांतीय प्रचार विभाग कार्यशाला :** दिनांक–24 एवं 25 दिसंबर, 2022 को प्रांतीय प्रचार विभाग कार्यशाला सरस्वती विद्या मंदिर, सदातपुर, मुजफ्फरपुर में आयोजित है। व्यवस्था शुल्क–400/– रुपये है। इस कार्यशाला में प्रचार विभाग के प्रांतीय टोली एवं विभाग प्रचार प्रमुख अपेक्षित हैं। अपेक्षित कार्यकर्ताओं को 23 दिसंबर, 2022 के सायं तक पहुँचना है। 25 दिसंबर, 2022 को सायं तक अवकाश हो सकेगा।

**6. स्वामी विवेकानन्द जयंती :** दिनांक 12 जनवरी, 2023 को स्वामी विवेकानन्द जी के जन्मदिन पर हम इनकी जयंती 'युवा दिवस' के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर विद्यालयों द्वारा पूर्व छात्र भैया–बहनों को आमंत्रित कर पूर्वछात्र सम्मेलन करना अपेक्षित है। साथ ही, गोष्ठी, रूप–सज्जा, झाँकी प्रदर्शन, भाषण आदि विद्यालय स्तर पर आयोजित करें।

## *अन्यान्य*

**1. उपादान (ग्रेच्यूटी) :**

(i) सरकार की घोषणा के अनुसार ग्रेच्यूटी की अधिकतम भुगतेय राशि रुपये 20,00,000/– (बीस लाख) रुपये तय की गई है। अतएव प्रांतीय समिति की कार्यकारिणी बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि लोक शिक्षा समिति, बिहार द्वारा भी कार्यकर्ताओं की सेवानिवृत्ति उपरांत उपदान भुगतान की अधिकतम राशि बीस लाख रुपये किया जाए।

(ii) लोक शिक्षा समिति, बिहार की कार्यकारिणी बैठक के निर्णयानुसार पूर्व से देय उपदान का अंशदान राशि 7% से बढ़ाकर 10% किया गया है, जो जनवरी, 2023 से प्रभावी होगा। अतः अपने कार्यकर्ताओं के उपदान की राशि मूल एवं महँगाई के योग का 10% जोड़कर प्रदेश कार्यालय को प्रतिमाह जनवरी, 2023 से भेजने की व्यवस्था करें।

**2. कर्मचारी भविष्यनिधि** (EPFO) **:** भविष्य निधि संगठन द्वारा तय की गई नियोक्ता अंशदान की अधिकतम राशि 15,000/– ही जमा किये जाने की सूचना पूर्व में भी दी गई है। विगत माह में उच्चतम न्यायालय का भी निर्णय आया है कि भविष्यनिधि अधिकतम 15,000/– ही तय होगी। विद्यालयों के निरीक्षणोपरांत पाया गया है कि अभी भी तय राशि से अधिक पर भविष्यनिधि की राशि जमा हो रही है। पुनः सूचित करना है कि पूर्व से जिनका भी समिति (नियोक्ता) अंश 15,000/– के ऊपर देय हो रहा है, उन्हें भी अधिकतम राशि 15,000/– पर ही देय होगी।

**3. आचार्य कल्याण कोष :** विद्यालयों से प्राप्त कल्याण राशि हेतु आवेदन पत्र के जाँचोपरांत कुछ त्रुटियाँ पायी जाती हैं। यथा– आवेदक का अपने व्यय पत्रक को स्वयं अभिप्रमाणित नहीं करना। पुनः उस व्यय पत्रक को सचिव एवं प्रधानाचार्य (आचार्यों के लिए) तथा सचिव (प्रधानाचार्यों के

लिए) द्वारा हस्ताक्षरित नहीं होना। नियमानुसार अमान्य व्यय पत्रक को संलग्न करना। व्यय की गई राशि की सूची नहीं बनाना। सहयोग राशि प्राप्ति हेतु बैंक के पास बुक की छाया प्रति संलग्न नहीं करना आदि इन सब त्रुटियों को दूर कर आवेदन प्रेषित किया जाए। इससे कार्य को गति मिलेगी।

4. **साप्ताहिक मूल्यांकन :** विद्यालय स्तर पर सभी विषयों में विषयाचार्य अनिवार्य रूप से साप्ताहिक मूल्यांकन सुनिश्चित करें, ताकि आचार्य/प्रधानाचार्य का भी मूल्यांकन हो सके।
5. **विद्या भारती संघ परिचय :** इस निमित्त वर्ष में दो बार कार्यक्रम आयोजित कर परिचय का कार्यक्रम सम्पन्न किया जाए।
6. **पूर्व छात्र पंजीयन :** पूर्व छात्र हमारी संपत्ति है। इनका संरक्षण आवश्यक है। इस हेतु पूर्व छात्रों का पंजीयन पोर्टल पर होता रहे और इनकी संख्या बढ़ती रहे, ऐसी अपेक्षा है। साथ ही पूर्व छात्र पंजी को भी अद्यतन करें।
7. **मासिक तलपट :** आर्थिक पारदर्शिता आवश्यक ही नही अनिवार्य भी है। इस निमित्त आय–व्यय विवरण पारदर्शी हो, मासिक तलपट बने एवं प्रांत को प्रेषित किया जाए।
8. **'अरुणोदय' सामान्य ज्ञान (मुख्य परीक्षा) :** दिनांक 30 जनवरी, 2023 को 'अरुणोदय' सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की मुख्य परीक्षा विभाग केन्द्रों पर संपन्न होगी। प्रारंभिक परीक्षा परिणाम सभी परीक्षा केन्द्रों एवं संबंधित विद्यालयों को शीघ्र ही प्रेषित की जाएगी।
9. **'अरुणोदय' पत्रिका :** जिन विद्यालयों ने किसी कारणवश अभी तक 'अरुणोदय' पत्रिका की संख्या नहीं भेजी है, तो वे माह दिसंबर के प्रथम सप्ताह में अनिवार्य रूप से प्रदेश कार्यालय प्रेषित करें, ताकि पत्रिका की आपूर्ति की जा सके।

**यह पत्रक ई–मेल के माध्यम से भेजा जा रही है। प्रधानाचार्य जी इस पत्रक को कृपया अपने सचिव महोदय के अवलोकनार्थ व समिति बैठक में सूचनार्थ संप्रेषित करेंगे तथा अपने आचार्य बंधु–भगिनी को भी अवलोकन कराकर इसके क्रियान्वयन की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।**

**इसी विश्वास व मंगलकामनाओं के साथ–**

*भवदीय*

*(मुकेश नंदन)*
*प्रदेश सचिव*